# मुग़ल साम्राज्य का इतिहास, मुग़ल बादशाहों एवं उनके शासन काल से सम्बंधित जानकारी

**मुग़ल बादशाहों की सूची एवं शासन काल से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारी:**

**मुग़ल साम्राज्य का इतिहास:-**

मुग़ल साम्राज्य एक इस्लामी तुर्की-मंगोल साम्राज्य था जो 1526 में शुरू हुआ, जिसने 17 वीं शताब्दी के आखिर में और 18 वीं शताब्दी की शुरुआत तक भारतीय उपमहाद्वीप में शासन किया और 19 वीं शताब्दी के मध्य में समाप्त हुआ। मुग़ल सम्राट तुर्क-मंगोल पीढ़ी के तैमूरवंशी थे और इन्होंने अति परिष्कृत मिश्रित हिन्द-फारसी संस्कृति को विकसित किया। 1700 के आसपास, अपनी शक्ति की ऊँचाई पर, इसने भारतीय उपमहाद्वीप के अधिकांश भाग को नियंत्रित किया – इसका विस्तार पूर्व में वर्तमान बंगलादेश से पश्चिम में बलूचिस्तान तक और उत्तर में कश्मीर से दक्षिण में कावेरी घाटी तक था।

उस समय इस साम्राज्य की जनसंख्या का अनुमान 11 और 13 करोड़ के बीच लगाया गया था। 1725 के बाद इसकी शक्ति में तेज़ी से गिरावट आई। उत्तराधिकार के कलह, कृषि संकट की वजह से स्थानीय विद्रोह, धार्मिक असहिष्णुता का उत्कर्ष और ब्रिटिश उपनिवेशवाद से कमजोर हुए साम्राज्य का अंतिम सम्राट बहादुर ज़फ़र शाह था, जिसका शासन दिल्ली शहर तक सीमित रह गया था। अंग्रेजों ने उसे कैद में रखा और 1857 के भारतीय विद्रोह के बाद ब्रिटिश द्वारा म्यानमार निर्वासित कर दिया।

1556 में, जलालुद्दीन मोहम्मद अकबर, जो महान अकबर के नाम से प्रसिद्ध हुआ, के पदग्रहण के साथ इस साम्राज्य का उत्कृष्ट काल शुरू हुआ और सम्राट औरंगज़ेब के निधन के साथ समाप्त हुआ, हालाँकि यह साम्राज्य और 150 साल तक चला।

**मुगल शासक एवं उनके शासन काल का विवरण नीचे सारणीबद्ध है:**

| **शासक नाम** | **शासनकाल की अवधि** |
|---|---|
| बाबर | 1526 – 1530 ई० |
| हुमायूँ | 1530 – 1556 ई० |
| अकबर | 1556 – 1605 ई० |
| जहाँगीर | 1605 – 1627 ई० |
| शाहजहाँ | 1627 – 1628 ई० |
| औरंगजेब | 1658 – 1707 ई० |
| बहादुरशाह जफर प्रथम | 1707 – 1712 ई० |
| जहाँदार शाह | 1712 – 1713 ई० |
| फ़र्रुख़सियर | 1713 – 1719 ई० |
| मुहम्मद शाह | 1719 – 1748 ई० |
| अहमदशाह | 1748 – 1754 ई० |
| आलमगीर द्वितीय | 1754 – 1759 ई० |
| शाहआलम द्वितीय | 1759 – 1806 ई० |
| अकबर द्वितीय | 1806 – 1837 ई० |

| **शासक नाम** | **शासनकाल की अवधि** |
|---|---|
| बहादुरशाह जफर द्वितीय | 1837 – 1857 ई० |